भारतसरकार

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3005

सोमवार, 15 मार्च, 2021 / 24 फाल्गुन, 1942 (शक)

श्रम सर्वेक्षण हेतु सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन

3005. श्री सुब्रत पाठक:
श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:
श्री राजेन्द्र धेड्या गावित:
श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:
श्री चन्द्र शेखर साहू:
श्री बिद्युत बरन महतो:
श्री रविन्द्र कुशवाहा:
श्री सुधीर गुप्ता:
श्री रवि किशन:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने हाल में श्रम सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन शुरू किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उसके लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं;

(ग) उक्त श्रम सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन की मुख्य विशेषताएं क्या हैं;

(घ) देश में श्रम ब्यूरो, संस्थानों द्वारा की जा रहे श्रम सर्वेक्षण का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इस सर्वेक्षण के परिणाम देश के भविष्य की योजना, अनुमानों, रणनीति और नीति हेतु सरकार के लिए किस प्रकार लाभदायक होगी?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क): जी हां। भारत सरकार ने श्रम सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन की शुरूआत दिनांक 18 फरवरी, 2021 को की है।

(ख): श्रम सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन का उद्देश्य श्रम ब्यूरो द्वारा किए जा रहे सर्वेक्षणों में डाटा के ऑनलाइन प्रग्रहण करने को कार्यान्वित करना है ताकि परिणामों को समय से जारी करना सुनिश्चित किया जा सके।

(ग): श्रम सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन डिजिटलीकरण से टेबलेट /मोबाईल के माध्यम से नवीनतम सूचना प्रौद्योगिकी उपकरणों का उपयोग करके श्रम ब्यूरो द्वारा किए जा रहे सर्वेक्षणों में सुविधा होगी।

(घ): श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के संबद्ध कार्यालय, श्रम ब्यूरो को निम्नलिखित अखिल भारतीय सर्वेक्षण कराने का कार्य सौंपा गया है :

(i) प्रवासी कामगारों से संबंधित अखिल भारतीय सर्वेक्षण,
(ii) घरेलू कामगारों से संबंधित अखिल भारतीय सर्वेक्षण,
(iii) व्यावसायिकों (प्रोफेशनल्स) द्वारा सर्जित रोजगार से संबंधित अखिल भारतीय सर्वेक्षण,
(iv) परिवहन क्षेत्र में सृजित रोजगार से संबंधित अखिल भारतीय सर्वेक्षण, और
(v) अखिल भारतीय त्रैमासिक प्रतिष्ठान आधारित रोजगार सर्वेक्षण (एक्यूईईएस)।

(ड़): इन सर्वेक्षणों से प्राप्त परिणामों से भारत सरकार को साक्ष्य आधारित नीतिगत दखल देने और उचित निर्णय लेने में सहायता मिलेगी।

*****